Education

Explore–Journal of Research

ISSN 2278 – 0297 **(Print)**

ISSN 2278 – 6414 **(Online)**

© Patna Women's College, Patna, India

http://www.patnawomenscollege.in/journal

भौतिकीय विज्ञान के शिक्षण अधिगम में ५–ई मॉडल की प्रभावकारिता का अध्ययन

• निशा कुमारी • सिमरन कुमारी • फ़ौज़िया हसन
• प्रभास रंजन

Received : November 2019
Accepted : March 2020
Corresponding Author : Prabhas Ranjan

Abstract : *शिक्षण अधिगम प्रक्रिया से संबंधित इस शोध में अधिगम की विभिन्न विधियों और विद्यार्थियों के सामान्य क्षमता के मध्य संबंध को विद्यार्थियों के प्राप्तांक द्वारा अन्वेशित किया गया है। यह एक प्रायोगिक अध्ययन है, जिसमें डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल (बी.एस.ई.बी), पटना के कक्षा सप्तम् के विद्यार्थियों का चुनाव किया गया है। इस अध्ययन में प्रयोग–पूर्व परीक्षण का उपयोग कर पाठ 'प्रकाश' के संदर्भ में विद्यार्थियों के पूर्व –ज्ञान का आकलन किया गया। तत्पश्चात ५–ई अधिगम मॉडल एवं चॉक––टॉक विधि से कक्षा के दो सेक्शन में शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया आयोजित की गई। अंत में, प्रयोगोत्तर परीक्षण द्वारा विद्यार्थियों के अधिगम के स्तर की जांच की गई। तत्पश्चात प्राप्त आंकड़ों के परिणाम का विवरणात्मक एवं तुलनात्मक अध्ययन किया गया। इस अध्ययन में पाया गया कि ५–ई अधिगम मॉडल की प्रभावकारिता, चॉक–टॉक विधि के समान है परन्तु उनकी ५–ई मॉडल से अधिगम करने वालों की उपलब्धि में अधिक अंतर नहीं था। प्रस्तुत शोध में दो तरह के शोध उपकरणों का उपयोग किया गया था। एक संज्ञानात्मक अधिगम को जाँचने के लिए तथा दूसरा सृजनात्मक अधिगम की प्रस्तुति के लिए। संज्ञानात्मक अधिगम की सीमाओं के कारण इसमें ५–ई मॉडल के सकारात्मक प्रभाव को अभिलेखित नहीं किया जा सका। लेकिन यह पाया गया कि ५–ई से शिक्षण प्राप्त छात्रों की अधिगम उपलब्धि का मानक विचलन कम है। अर्थात् इस विधि से सामूहिक शिक्षण अधिक कारगर है। साथ–ही–साथ यह पाया गया कि चॉक–टॉक विधि से अधिगम प्राप्त छात्रों की तुलना में ५–ई मॉडल के छात्रों के सृजनात्मक अधिगम की उपलब्धि अधिक होती है।*

संकेत–शब्द: *भौतिकीय विज्ञान, ५–ई मॉडल, चॉक एंड टॉक विधि, रचनावाद।*

निशा कुमारी
Education, Session: 2018-2020,
Patna Women's College, Patna University, Patna,
Bihar, India

सिमरन कुमारी
Education, Session: 2018-2020,
Patna Women's College, Patna University, Patna,
Bihar, India

फ़ौज़िया हसन
Education, Session: 2018-2020,
Patna Women's College, Patna University, Patna,
Bihar, India

Prabhas Ranjan
Assistant Professor, Department of Education,
Patna Women's College, Bailey Road,
Patna – 800 001, Bihar, India
E-mail : nirbhayaprabhas@gmail.com